पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरूण ने कन्नौज के कलेक्ट्रेट परिसर से 06 बाढ़ राहत दल/टीमों एवं राहत सामग्री को हरी झाण्डी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ : 12 सितम्बर, 2025**

प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री,श्री असीम अरुण ने कटरी अमीनाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घिम्मापुर्वा, पीकापुर्वा, मदारीपूर्वा, गंगूपूर्वा, पटीयन, कटरी ढोगरपुर, जुकैया आदि में राहत शिविर में बाढ़ पीड़ितों को निशुल्क राहत सामग्री वितरित की। राहत सामग्री में अरहर दाल 02 किलो, भुना चना 02 किलो, चना 02 किलो, चीनी 01 किलो0, आटा 10 किलो, चावल 10 किलो, नमक 01 किलो, सरसों का तेल/रिफाइण्ड 01 लीटर, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सब्जी मसाला 200 ग्राम, बिस्कुट 10 पैकेट, माचिस 01 पैकेट, मोमबत्ती 01 पैकेट, 01 पीस नहाने का साबुन दिया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याएं सुनतें हुए उनकी मदद हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण, चिकित्सा सुविधा आदि के लिए व्यापक व्यवस्था बनायी गयी है। सभी टीमें रवाना की गयी है। बाढ के पानी का स्तर अब घट रहा है यह चितां का समय होता है, जब अलग-अलग तरह की बीमारियां फैलती है। कहा कि आज से 17 सितम्बर तक प्रतिदिन राहत कार्य टीमें कलेक्ट्रेट स्थित कमाण्ड सेंटर से रवाना होगी। टीमों द्वारा प्रतिदिन 2-2 कैम्प बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगाए जाएगें। टीमों द्वारा मरीजों को चिकित्सा परामर्श, पशुओं की देखरेख, राहत सामग्री वितरण एवं बाढ़ से जो नुकसान हुआ उसका आंकलन भी किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से निरंतर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल समाधान किया जाएगा।

इस दौरान जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्री राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री देवेन्द्र सिंह, सहित जनप्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठन भी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से बाढ़ पीड़ितों की मदद हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

---

**सम्पर्क सूत्र- आशिया खातून**

**राघवेन्द्र/05:10 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522-2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522-2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522-2237230 0522-2239586 ई-मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in